समाचार

निगम के छोटे कर्मचारियों के आवासगृहों की सुधरेगी हालत, पानी सीपेज की परेशानी से मिलेगी मुक्ति

(आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय पहुंचे निगम कालोनी, आवासगृहों का किया निरीक्षण, मरम्मत के दिए निर्देश, नालियों का होगा जीर्णोद्धार)

कोरबा 07 जनवरी 2025 – नगर निगम कोरबा के चतुर्थ एवं तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों के सरकारी आवासगृहों की हालत सुधारी जाएगी तथा बरसात के दिनों में होने वाली सीपेज की परेशानी से राहत मिलेगी। आज आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय नगर निगम आवासीय परिसर पहुंचे, आवासगृहों का निरीक्षण किया तथा मकानों की छत व दीवालों की मरम्मत किए जाने, आवश्यक निर्माण व सुधार कार्य करने तथा नालियों का जीर्णोद्धार कराए जाने के संबंध में त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अभियंताओं को दिए।

यहॉ उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा के अधिकारी कर्मचारियों के निवास हेतु तत्कालीन साडा कार्यकाल में विभिन्न टाईप के यथा ईडब्ल्यूएस आवासगृह, आई.टाईप, एच.टाईप, जी.टाईप, एफ.टाईप एवं एम.आई.जी. आवासगृहों का निर्माण कराया गया था, इन आवासगृहों में नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी वर्तमान में निवासरत हैं, लगभग 40 वर्ष से अधिक समय से पूर्व

बने इन आवासगृहों में मरम्मत की आवश्यकता है, बरसात के दिनों में बरसाती पानी की सीपेज एक बड़ी समस्या है। आज आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम कालोनी पहुंचकर आवासगृहों का निरीक्षण किया, उन्होने ईडब्ल्यूएस क्वार्टर, आई.टाईप व एच.टाईप आवासगृहों का सघन रूप से निरीक्षण करते हुए मकानों की हालत का जायजा लिया तथा कर्मचारियों के परिवारजनों से चर्चा कर उनकी परेशानियों को जाना। आयुक्त श्री पाण्डेय ने मरम्मत योग्य आवासगृहों की मरम्मत किए जाने, छत व दीवालों का जीर्णोद्धार करने के संबंध में तत्काल आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश संबंधित अभियंताओं को दिए।

नालियों का होगा जीर्णोद्धार – आयुक्त श्री पाण्डेय ने इन आवासगृहों के पीछे बनी नालियों का भी निरीक्षण किया, उन्होने नालियों की वर्तमान स्थिति, वहॉ की साफ–सफाई का अवलोकन करते हुए मरम्मत योग्य नालियों के जीर्णोद्धार व आवश्यक मरम्मत कार्य हेतु त्वरित आवश्यक कार्यवाही के निर्देश भी अभियंताओं को दिए।

खुले में कचरा डालने पर लगाए अर्थदण्ड – आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम कालोनी के सफाई कार्यो का निरीक्षण करते हुए स्वच्छता पर्यवेक्षक को निर्देश दिए कि यदि किन्हीं भी अधिकारी कर्मचारियों के घर से कचरा सड़क या नाली में डाला जाता है तो उस पर सतत नजर रखें एवं तुरंत कार्यवाही करते हुए अर्थदण्ड लगाएं। उन्होने कहा कि हम निगम के अधिकारी कर्मचारियों की प्रथम जिम्मेदारी है कि हम शहर की स्वच्छता के प्रति सजग रहें, खुद गदंगी न करें और न किसी को करने दें। आयुक्त श्री पाण्डेय ने इस दौरान मौके पर सफाई कार्य कर रहे स्वच्छता कर्मचारियों से चर्चा की, उनके द्वारा किए जा रहे सफाई कार्यो की जानकारी ली तथा बेहतर स्वच्छता कार्य हेतु कर्मचारियों का मार्गदर्शन किया।

उद्यान की बेहतर व्यवस्था हेतु माली को दी शाबाशी – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय कालोनी स्थित श्री महामृत्युंजय महादेव मंदिर पहुंचे, उन्होने भगवान श्री महामृत्युंजय महादेव का दर्शन कर सम्पूर्ण मंदिर परिसर एवं वहॉ पर स्थित उद्यान का निरीक्षण किया, उद्यान की सुंदरता एवं उद्यान के बेहतर रखरखाव के लिए वहॉ पर कार्यरत माली के कार्य की प्रशंसा की, उसे शाबाशी देते हुए उत्साहवर्धन किया।

इस दौरान निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, विनोद गोंड़, आकाश अग्रवाल, प्रिंस सिंह, रामप्रसाद मिर्री, आनंद दुबे, द्वासराम साहू, दुर्गेश राठौर, मनोज श्रीवास आदि के साथ अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।